हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 सितंबर 2025

04 सारनी की 10 नंबर यूनिट ने रचा इतिहास



08 अब सड़कों पर निराश्रित मवेशी छोड़ने वाले पशुपालकों...





## खबर संक्षेप

### नर्मदा कॉलेज में रोजगार मेला हुआ आयोजित

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में गत शुकवार को जिला स्तरीय रोजगार कैरियर अवसर मेला आयोजित किया गया। विभिन्न प्रकार की लगभग 24 कंपनियों ने अपने स्टाल लगाए। जिसमें 310 युवाओं के पंजीयन हुए और लगभग 160 विद्यार्थी प्रथम चरण में चयनित हुए। प्राचार्य डॉक्टर आर. के. चौकसे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कौशल दक्षता और इंटर्नशिप ही छोटे-छोटे जाब के साथ आगे बड़े अवसर बनते हैं।

### ग्वालटोली में 208 महिलाओं ने कराई जांच

**नर्मदापुरम।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मंगलवार क्रो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्वालटोली में डॉ संदीप केरकेट्टा डीआईओ और कविता भोई डीपीएम, डीसीएम के मार्गदर्शन में महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 208 व्यक्तियों की जिला अस्पताल से डॉ रजनी कुशवाहा दंत चिकित्सक, डॉ कंचन चौबे स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ शिल्पी राजपूत गायकॉलॉजिस्ट, डॉ लाजमी उइके शिविर प्रभारी, भावना यादव नेत्र सहायक आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर सोनिया मीना ने सुनी 68 लोगों की जनसमस्याएं
# सड़क, नाली और अतिक्रमण की समस्या लेकर पहुंचे नागरिकों को मिला समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रत्येक मंलवार नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। मंगलवार को जनसुनवाई ने कलेक्टर ने 68 शिकायतों का निराकरण किया।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत संवाद कर गंभीरपूर्वक से सुना एवं अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने 68 आवेदन कर्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका उचित समाधान किया एवं पूर्व में दर्ज शिकायतों की निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर को निर्देशित किया कि सबसे पुरानी जनसुनवाई शिकायतों को निकाल कर प्रस्तुत किया जाए एवं उनके शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की जाए।



### तहसील मुख्यालय पर हुई जनसुनवाई

जिला मुख्यालय के अतिरिक्त जिले की समस्त तहसील मुख्यालय एवं जनपद कार्यालय में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, आपसी विवाद, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता राशि एवं मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### डोलरिया ग्राम सड़क समस्या का समाधान के दिए निर्देश

कलेक्टर ने डोलरिया तहसील के ग्रामवासियों की सड़क निर्माण की मांग के संबंध में जनसुनवाई में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम वासियों की समस्या के निराकरण के लिए सड़क निर्माण किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने आर्थिक सहायता, क्षतिपूर्ति जैसी अन्य समस्याओं का भी समाधान किया। इसी तरह जनसुनवाई में बनखेड़ी के शिकातयकर्ता कंछेदीलाल की शिकातय कृषि भूमि पर अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर ने एसडीएम पिपरिया को कृषि भूमि पर कब्जा हटवाए जाने के बनखेड़ी निवासी कंछेदी लाल विश्वकर्मा की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम राजीव रंजन पांडे, अपर कलेक्टर अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर विजय राय, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। इसी प्रकार समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ एवं अन्य अधिकारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े।

### ग्रामीण अंचल में नाली न होने की हुई शिकायत

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत बनाडा के ग्राम सहजकुई निवासी सुभाष गौर मैं कलेक्टर को ग्राम में नाली निर्माण न होने की समस्या के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ सिवनी मालवा को वीसी के माध्यम से निर्देशित किया कि स्थल निरीक्षण कर आवेदक की समस्या का निराकरण करें।

# व्यापारी से ऑनलाइन ठगी के आरोपी यूपी के बाराबंकी से पकड़ाए

## उपभोक्ता फोरम के नाम पर दर्ज था ठगों का नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेमरीहरचंद के अनाज व्यापारी हरीश माहेश्वरी से 8.5 लाख रुपए ऑनलाइन ठगी हुई है। उपभोक्ता फोरम के लिए गूगल से निकाले गए संपर्क नंबर से ठगों ने लिंक भेज कर फ्रॉड किया। घटना के बाद व्यापारी की सूचना पर सोहागपुर पुलिस और साइबर सेल तुरंत सक्रिय हो गए। 4 घंटे के अंदर ही ठगों का पता लगाकर यूपी पुलिस के सहयोग से बाराबंकी से गिरफ्तार भी कर लिया गया।

हरीश माहेश्वरी ने अपनी धान की फसल में समस्या को लेकर उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को उन्होंने गूगल पर उपभोक्ता फोरम का नंबर खोजा, जो दरअसल ठगों का नंबर निकला। ठगों ने मोबाइल नंबर पर लिंक भेजकर दस्तावेज अपलोड करने को कहा। जब व्यापारी ने लिंक डाउनलोड किया, तब उनके बैंक खाते से दो बार 5 लाख और 3.5 लाख रुपए चोरी हो गए। व्यापारी ने बैंक से संपर्क कर खाताधारक को ब्लॉक कराया। इसके बाद सोहागपुर पुलिस को सूचना दी। ठगी में इस्तेमाल किए गए खाते का पता चलता है कि वह उत्तर प्रदेश के बाराबंकी का है। नर्मदापुरम एसपी ने यूपी पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर जल्दी ही ठगों को गिरफ्तार करवा दिया। सोहागपुर थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि व्यापारी से ऑनलाइन ठगी हुई है। गिरफ्तार संदिग्ध से पूछताछ के बाद मामले की पूरी जांच की जाएगी।

### 1 से 19 वर्ष के बच्चों को दवा खिलाई गई

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय कृमि दिवस (डीवॉर्मिंग डे) के अवसर पर मंगलवार को जिले भर में केम्प आयोजित किये गए। कार्यक्रम में बच्चों को कृमि की दवा ) शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों सैकड़ों बच्चों को दवा खिलाई गई साथ ही मॉप-अप दिवस पर छूटे बच्चों को भी दवा खिलाई जाएगी। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंह गहलोत द्वारा बताया गया राष्ट्रीय कृमि दिवस का मुख्य उद्देश्य 1 से 19 साल तक के बच्चों को कृमि मुक्त करके उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार लाना है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में सभी 1 से 19 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। साथ ही इस अभियान अवसर पर स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों और समुदायों को बच्चों के स्वास्थ्य पर कृमि संक्रमण के प्रभाव और निवारण के महत्व के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# भाकिसं का आंदोलन व रैली 26 को, जनसंपर्क जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय किसान संघ द्वारा आगामी 26 सितंबर को आंदोलन और रैली को सफल बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव गांव जाकर किसानों के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसी प्रकार गांव-गांव में जनसंपर्क कर रहे हैं तहसील मंत्री शंकर पटेल डोलारिया मंत्री विनोद दुबे जिला प्रचार प्रमुख ललित चौहान द्वारा आज ब्यावरा चंद्रपुरा प थोरी सावन खेड़ा वाई खेड़ी आदि ग्रामों में संघन जनसंपर्क किया गया।

# नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़े पर हुआ व्याख्यान माला का आयोजन, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नर्मदा कॉलेज में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजक डॉ बी एस आर्य मुख्य वक्ता के रूप में ऊर्जा संरक्षण के उपाय तथा दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण किस प्रकार करें इस पर प्रकाश डाला।विषय वक्ता के रूप में डॉ रवि उपाध्याय ने छात्रों से अपने जीवन में ऊर्जा संरक्षण के नए-नए उपाय की खोज करना तथा उन्हें लागू करना जिससे समाज तथा स्वयं का लाभ हो सके के लिए प्रेरित किया।

इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों ने समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के प्रति जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ एस के दिवाकर, डॉ यास्मीन खान, डॉ मीना कीर, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, डॉ धर्मेंद्र कोरी, डॉ नित्या पटेरिया, डॉ सुरभि भट्ट,श्रीमती अंजलि भट्ट, चिराग झामडे, वरुण तिवारी डॉ एस के झा, डॉ प्रियंका राय का सहयोग रहा। सत्यम गुप्ता ,धर्मेंद्र, यशस्वी, सलोनी आदि मौजूद रहे।




# नपाध्यक्ष ने किया कार्यालय का निरीक्षण समय पर उपस्थित रहने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगरपालिका कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय में साफ सफाई के निर्देश दिए गए। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव द्वारा आज नगरपालिका के सभी कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सभी को समय पर उपस्थित रहने तथा निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां हम कार्य करते हैं वहां स्वच्छता रखना हम सब की जिम्मेदारी है। कोशिश करें कि हमारे आसपास किसी भी तरह की गंदगी न हो। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के साथ कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी, उपयंत्री आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित हुआ जिले का रेशम केन्द्र, बैंगलूरू में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




रेशम केंद्र बेस्ट डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड से सम्मानित। केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा संचालित अभियान ¶मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम के तहत केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 76वें स्थापना दिवस पर अनुसंधान प्रसार केन्द्र, राज्य रेशम विभाग, नर्मदापुरम के संयुक्त प्रयासों से मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने पर 'बेस्ट डिस्ट्रीक्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बैंगलूरू स्थित डॉ. बाबू राजेन्द्र प्रसाद अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र, में आयोजित समारोह में पी वी दिनेश कुमार, वैज्ञानिक-वी द्वारा अवार्ड प्राप्त किया गया। वैज्ञानिक-वी ने कहा कि यह सफलता मेहनत, समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है। तथा अधिक किसानों को रेशम उद्योग से जोड़ने का संकल्प दोहराया।

आगे उन्होंने कहा कि यह अवार्ड राज्य रेशम विभाग के जिला रेशम अधिकारी रविन्द्र सिंह, प्रक्षेत्र अधिकारी श्याम कुमार यादव, बनखेड़ी क्षेत्र एवं अधीनस्थ कर्मचारिगण तथा केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ तकनीकी सहायक गमेर सिंह कितावत, अर्जुन सिंह साथ ही रेशम उद्योग से जुड़े किसानों का भरपूर सहयोग रहा। मेरा रेशम मेरा अभिमान कार्यक्रम के अन्तर्गत नर्मदापुरम जिले में कुल 8 कार्यक्रम में 340 किसानों ने सहभागिता प्रदान की।

# राष्ट्रीय खेल कुराश में आराध्या की कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाल ही में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय कुराश खेल प्रतियोगिता में समेरिटंस विद्यालय की छात्रा आराध्या चंद्रवंशी ने कांस्य पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश कुराश खेल सचिव राहुल व्यास, विद्यालय संचालन समिति, प्राचार्य प्रेरणा रावत, आरके सिंह राजेंद्र रघुवंशी, सचिन खाम्परिया, विक्रांत खाम्परिया, नरेंद्र चंद्रवंशी, कोच वैशाली तिवारी, विनोद साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामना और बधाई दी।





# आरोग्य भारती के अभा प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन में डॉ राजेश शर्मा को मिला नवीन दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष केरल के कोच्चि में हुआ। सम्मेलन में पूरे देश भर से आरोग्य भारती के पदाधिकारियों व दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में आरोग्य भारती के विभिन्न आयामों और कार्यों के विस्तृत वृत प्रस्तुत किये गए , भविष्य की आगामी योजना पर विस्तार से चर्चा हुई व नवीन दायित्वों की घोषणा भी की गई। इसी क्रम में आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजेश शर्मा को अखिल भारतीय प्रमुख एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया। अब से डॉ राजेश शर्मा आरोग्य भारती के मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष के साथ ही उपरोक्त दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन केरल के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डा० कृष्णा गोपाल, आरोग्य भारती के संगठन सचिव डॉ अशोक कुमार वार्ष्णेय, सी.सी.आर.ए.एस. के निदेशक डा.रवि नारायण आचार्य, मैनेजमेंट गुरु एन० रघुरमण एवं डा० भूषण पटवर्धन की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के संगठन सचिव मुकेश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।




# जमीयत ओलेमा के बैनर तले मुस्लिम समाज ने दी मदद




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुस्लिम समाज ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए नकद राशि इकट्ठा किया और 2 लाख 10 हज़ार 230 रुपए की जमा किए हैं। यह कार्य न केवल जरूरतमंदों की मदद का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को भी दर्शाता है। मुस्लिम समाज ने ये राहत राशि जमीयत उलमाए के सदर मौलाना अब्दुल्ला शाकिब की रहबरी एवं शहर काज़ी जनाब अशफाक अली साहब ओर ओर दारुल उलूम सिद्दीकिया मदरसा मालाखेड़ी संचालक मुफ्ती अशरफ साहब की सरपरस्ती में इकट्ठा की गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के हर व्यक्ति ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। खासतौर से शहर के नौजवानों, बच्चों, बहनों ओर बुजुर्गों ने पंजाब के भाई बहनों के लिए दिल खोलकर राशि दी। डायरेक्टर शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने बताया कि इस राशि का इस्तेमाल पंजाब के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में किया जाएगा।

## श्री रामलीला महोत्सव जारी, कलाकार दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

# मंचनः माता कैकई ने राजा दशरथ से मांगे दो वचन श्रीराम जाएं वनवास, भरत को मिले राज्य का सुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामलीला महोत्सव में श्रीराम वनवास लीला की मार्मिक की प्रस्तुति की गई। लीला के मंचन में दिखाया कि दशरथ जी अपनी वृद्धावस्था के चलते राजगुरु वशिष्ठ से वान्यप्रस्थ होने की इच्छा रखते हैं और वह अपने ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम को राजपाठ सौपना चाहते हैं, किंतु राज्याभिषेक के पूर्व ही उन पर वज्रपात हो जाता है दशरथ के महल में मंथरा कैकई को कहती है कि वह अपने पुत्र भरत के लिए राजपाठ और श्रीराम को 14 वर्ष वनवास देने के वरदान दशरथ से मांगे। राजा दशरथ से रानी कैकई देवासुर संग्राम में दिए गए दो वरदान मांग लेती हैं। राजा दशरथ को भरत को राजपाठ देना तो स्वीकार हो जाता है किंतु श्रीराम को वनवास देना सही नहीं लगता अंततः राजा दशरथ रानी की दोनों बात मान लेते हैं श्रीराम के साथ अनुज लक्ष्मण और सीता जी भी वन जाने का आग्रह करती हैं श्रीराम, सीता और लक्ष्मण राजश्री वेशभूषा त्याग कर वापस भेज धारण कर वन गमन हैं।



लीला में सुभाष परसाई ने दशरथ, अजय परसाई ने वशिष्ठ, मनोज परसाई ने कौशल्या, अमित यदुवंशी ने कैकयी, अरुण तिवारी ने मंथरा, विनोद परसाई ने सुमन्त, मनोज परसाई ने इंद्र, दीपक साहू ने पुरवासी, अनंत अग्रवाल ने सरस्वती, वेद तिवारी ने मंत्री और लीला में पात्र निर्देशन पं सुनील चौरे के साथ मानस की चौपाइयों का गायन की प्रस्तुति पंडित राम परसाई, आदित्य नारायणगंज परसाई ने दी तबले पर आनंद नामदेव एवं मार्मिक प्रसंगों की संगत सारंगी पर अथर्व दुबे ने की। पात्र श्रृंगार हेमंत मालवीय, माधव दुबे, अभिषेक पटवा और मधुरम चन्देल का रहा।

# विंध्यवासिनी स्कूल में रैली का आयोजन, बच्चों ने किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर विंध्यवासिनी हायर सेकेंडरी स्कूल मालाखेड़ी में स्वच्छता सेवा पखड़वा एवं भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सोमवार को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्राचार्य डॉ. मधुबाला वर्मा ने नगरपालिका के स्वच्छता दूतों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी जतिन यादव तथा अध्यक्षता कर रहे भगवत मालवीय एवं सीमा मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस के मामले में आरोपी को मिली सजा

**बैतूल।** अभियुक्त नंद लाल बारसे पिता शंकर बारसे निवासी मकान नं. 33, ग्राम पचामा, पोस्ट पाढर बुजुर्ग तहसील घोड़ाडोंगरी बैतूल ने हाउसिंग लोन के अंतर्गत मकान के निर्माण के लिये रुपये 1,00,000 रुपये वर्ष 2018 में 12 प्रतिशत की ब्याज दर से 5 वर्ष के लिये महिंद्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस शाखा बैतूल से ऋण प्राप्त किया था। अभियुक्त द्वारा मासिक किस्त 2,710 प्रतिमाह अदा करने में लगातार चूक की जाती रही। जिसके लिए बैंक द्वारा कई बार तकादे किये गए। जब बैंक द्वारा न्यायालय के माध्यम से कार्यवाही करने को कहा गया तो आरोपी ने ऋण राशि का भुगतान नगदी न करते हुए अपने बचत खाता का चेक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पाढर बुजुर्ग तहसील घोड़ाडोंगरी का चेक क्रमांक 006594 राशि 1,73,751 रूपये 13 अगस्त 2022 का स्वयं हस्ताक्षरित कम्पनी के नाम से जारी किया, जो खाते में निधि पर्याप्त न होना के कारण बैंक द्वारा अनादरित कर दिया गया। जिसके बाद बैंक द्वारा सक्षम न्यायालय में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिखा पिसाल नीमा द्वारा प्रकरण की संपूर्ण विवेचना के बाद अभियुक्त को चेक बाउंस के अपराध के लिए दोषसिद्धि पाया गया। जिसके लिए अभियुक्त को छः माह का साश्रम कारावास एवं चेक की राशि सहित 2,20,751 पर निर्णय दिनांक तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज राशि अतिरिक्त प्रतिकर स्वरूप परिवादी को भुगतान करने के आदेश दिए।

### भौंरा सेवा समिति की वार्षिक साधारण आमसभा 25 को

**बैतूल।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति भौंरा की वार्षिक साधारण आमसभा 25 सितंबर को विजय मंगल भवन में आयोजित की गई है। यह बैठक दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। संस्था प्रबंधक सुनील पंवार ने बताया कि गणपूर्ति के अभाव से स्थगित बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात प्रारंभ होगी। जिसमें कोरम पूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। श्री पंवार ने सभी कृषक सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सिंगल यूज पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान



**बैतूल।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बैतूल बाजार द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान नियम विरुद्ध पाए गए प्रतिष्ठानों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किए गए एवं संबंधित व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही की गई। साप्ताहिक बाजार में उपस्थित नागरिकों, व्यापारियों एवं ग्राहकों को नशा मुक्ति संबंधी शपथ दिलाई गई। सभी ने नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया। नगर परिषद आम नागरिकों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा नशामुक्त समाज की दिशा में जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं।

### बैतूल में आयोजित होगा आजीविका फ्रेश मेला

**बैतूल।** जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से 25 और 26 सितंबर को शिवाजी चौक ऑडिटोरियम में आजीविका फ्रेश मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में महिला स्व-सहायता समूह और स्थानीय उद्यमियों द्वारा निर्मित जैविक और ताजा उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे और उपभोक्ताओं को सीधे बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। आजीविका फ्रेश ब्रांड के तहत गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उचित मूल्य पर खरीदे जा सकेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराना है।

## 200 दिन तक किया निर्बाध उत्पादन

# सारनी की 10 नंबर यूनिट ने रचा इतिहास



योगेश मालवीय ▶▶ सारनी

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की दस नंबर यूनिट ने एक बार फिर अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता का लोहा मनवाया है। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह की दस नंबर यूनिट ने इस वर्ष 5 मार्च से लगातार 200 दिन तक बिना रुके विद्युत उत्पादन कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों के अद्भुत समर्पण व मेहनत का परिणाम मानी जा रही है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई और एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने सारनी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए अभियंताओं व तकनीकी स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। लगातार उत्पादन से साबित हुआ है कि सारनी न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के थर्मल पावर सेक्टर में अपनी अलग पहचान रखती है। यूनिट नंबर 10 की निरंतर कार्यक्षमता ने यह दर्शा दिया है कि यहां का तकनीकी प्रबंधन और कार्यशैली किस तरह से राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल बन सकती है।

### प्रदेश को स्थिर आपूर्ति

दस नंबर यूनिट के 200 दिन के निर्बाध उत्पादन ने प्रदेश की बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह का सतत उत्पादन ऊर्जा संकट के दौर में उपभोक्ताओं, किसानों और उद्योगों के लिए राहत साबित होता है। यह उपलब्धि न केवल तकनीकी सफलता है बल्कि सारनी जैसे छोटे शहर की ऊर्जा नगरी वाली पहचान को भी और मजबूत करती है। यहां के हजारों कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों के लिए यह क्षण गर्व का है, जिसने प्रदेश की ऊर्जा क्षमता में ऐतिहासिक योगदान दिया है।

### पिछले 12 वर्षों से रच रही इतिहास

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 की कमीशनिंग 18 अगस्त 2013 को हुई थी। पिछले बारह वर्षों में इस यूनिट ने विद्युत उत्पादन और ऑपरेशन के नए कीर्तिमान रचे। यूनिट नंबर 10 ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 305 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था। वर्ष 2023-24 में इस यूनिट ने क्रमशः 170 व 200 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया था। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की यूनिट नंबर 10 ने जब 200 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन करने में सफलता हासिल की तब यूनिट का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (पीएएफ) 98.34 फीसदी, प्लांट लोड फैक्टर 84.23 फीसदी व ऑक्जलरी कंजम्पशन 8.94 प्रतिशत रहा।

#### मिलेगा रोजगार

अधिकारी कर्मचारी के सहयोग से 200 दिन यूनिट क्रमांक 10 चली है, पिछले 4 साल में लगातार 200 दिन के ऊपर यूनिट चल रही है और सारनी से जो पलायन हो रहा था और बैतूल जिले के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा था। अब आज कैबिनेट में 660 मेगावाट को लेकर बजट पारित होने से सारनी के लोगों को फिर से रोजगार मिलेगा।

**एस. एन. सिंह,**
अतिरिक्त मुख्य अभियंता
मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी सारनी

## विधायक डॉ. पंडाग्रे के प्रयासों से मिली सारणी को 660 मेगावाट की मंजूरी



**सारनी।** मोहन सरकार ने 660 मेगावाट क्षमता वाली नई इकाई को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी। विद्युत नगरी सारणी में नई यूनिट लगने की संभावना प्रबल हो गई है। सारणी में 660 मेगावाट का प्लांट जिसकी अनुमानित लागत 11,678 करोड़ तय की गई है। नई इकाई को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र में हर्ष व्याप्त हैं। भाजपा विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के अथक प्रयासों से ही यह हो पाया है, जहाँ विपक्ष हर बार भाजपा सरकार और यहाँ के जनप्रतिनिधियों से यही सवाल करता कि आखिर कब आएगा प्लांट, हमारे क्षेत्र के विधायक ने विपक्षी दलों का जैसे मुह ही बंद करा दिया। उन्होंने सारणी के जनता से यह वादा किया था कि सारणी मेरे दिल में बसता है, मैं इसे उजडऩे नही दूंगा और उनके निरंतर प्रयासों से ही यह हो पाया है। उन्होंने बाबा मठारदेव की नगरी को वापस चकाचौंध कर दिया है। नई यूनिट लगाने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से सारणी दौरे के अवसर पर मंच से यह बात रखी थी, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि नई इकाई स्थापित होने से सारणी में एक बार फिर रौनक लौट कर आएगी। उन्होंने 660 मेगावाट क्षमता वाली नई इकाई को कैबिनेट की मंजूरी दिए जाने पर मोहन सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं सारनी क्षेत्र की जनता को बधाई देता हूँ। नई इकाई की स्थापना होने और कोयला खदान के निर्माण का कार्य भी जल्द ही कंप्लीट होने से सारनी क्षेत्र के लोगों को फिर से रोजगार मिलेगा।



### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किया जागरूक

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को स्वच्छता में भागीदारी अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सहित अन्य पार्षदगण मौजूद रहे। अभियान के दौरान बैतूल शहर के आयुर्वेद अस्पताल में उपस्थित नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही नागरिकों को शहर की सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने बैतूल शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### केंद्रीय विद्यालय में सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन

**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम में हिंदी के वरिष्ठ शिक्षक मनराज मीना ने भाषण प्रस्तुत किया, जिसका अनुवाद भारतीय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर द्वारा किया गया। छगन गुर्जर ने अपने उद्बोधन में बताया कि सांकेतिक भाषा बधिर लोगों के लिए संचार का अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है।

## 2 अक्टूबर तक चलेगा सेवा पखवाड़ा

## नगर पालिका ने श्रमदान से की भुजरिया घाट की सफाई



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शोभापुर कॉलोनी के भुजरिया घाट की श्रमदान कर सफाई की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि मंगलवार को विभिन्न स्थलों पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी केके भावसार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम वार्ड 32 स्थित भुजरिया घाट पर आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षद मनोज कुमार डेहरिया, पिंटिश नागले, रेखा मायवाड़ समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने मिलकर सफाई मित्रों के साथ श्रमदान कर सफाई की। बुधवार को आत्मनिर्भर निकाय के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर कॉलोनी, बगडोना के शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के बच्चे भी बढ़चढक़र हिस्सा ले रहे हैं।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई



**सारनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर थाना सारनी द्वारा 15 दिवसीय विशेष यातायात अभियान संचालित किया गया। इस दौरान यातायात नियम तोडऩे वाले 226 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई और कुल 83,500 का शमन शुल्क वसूला गया। अनुविभागीय अधिकारी सारनी सुश्री प्रियंका करचाम ओर थाना प्रभारी जयपाल इवनाती के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम, मृत्यु दर में कमी लाना और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। वहीं तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, बिना लाइसेंस वाहन चलाना, बिना फिटनेस/बिना परमिट के वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाही की गई। सारनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सडक़ सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। इस अभियान में चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव सहित थाना व चौकी स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

## फर्जी बिलों के नाम पर लाखों का गोलमाल

## शक्तिगढ़ पंचायत में निर्माण कार्यों में अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी की ग्राम पंचायत शक्तिगढ़ में भ्रष्टाचार की एक ऐसी तस्वीर जो शायद अभी तक की ग्राम पंचायतों में देखने को नहीं मिली। यहां सरपंच तो महिला है, परंतु इस पंचायत में सरपंच के पति की हुकूमत चलती है। विकास की अगर बात की जाए तो विकास इस ग्राम पंचायत में कोसों दूर है।

विकास के नाम पर जमकर लूट की गई है। इस मामले में शक्ति गढ़ ग्राम पंचायत के वित्तीय अधिकार प्राप्त सचिव सहित उपयंत्री भी शामिल हैं, जिन्होंने ग्राम पंचायत के विकास को छोडक़र स्वयं के विकास की अहम भूमिका निभाई है। ग्राम पंचायत शक्तिगढ़ के ग्रामीणों ने पंचायत में हो रहे विकास कार्यों पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच पति राजेश मंडल द्वारा मनमाने तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें वित्तीय अधिकार प्राप्त सचिव, उपयंत्री भी मिले हैं। पूर्व में शक्तिगढ़ के सरपंच के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने पर सरपंच पर मध्यप्रदेश पंचायत राज ग्राम पंचायत स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्रवाई का आदेश 3 जनवरी 2025 को पारित किया गया था। लेकिन करवाई नहीं हो पाई। इसके बाद भी सरपंच पति राजेश मंडल द्वारा ग्राम पंचायत में अनियमितता की गई है। एक और शासन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना बना रहा वही यहां महिलाओं का हक उनके पति छीन रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति ही ग्राम पंचायत चला रहा हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीण नितीश मंडल, तपन मंडल, सुकेश ने जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच पति द्वारा अपने रिश्तेदारों से 10 से 20 प्रतिशत राशि लेकर काम करवाए जाते है। ग्राम पहाड़पुर का निवासी प्रणव दत्ता जो कि दत्ता इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म चलता है। दत्ता इंटरप्राइजेज के बिलों पर राशि आहरित की गई, जबकि दत्ता एंटरप्राइजेज के पर खनिज भंडारण के विक्रय की वैध अनुमति नहीं है। ग्राम शक्तिगढ़ के गांधी ग्राम की डगडगा नदी पर बनी पुलिया के स्टॉप डेम की कड़ी शटर निर्माण के नाम 2 जनवरी 2025 को दत्ता इंटरप्राइजेज के बिलों पर एक लाख सत्तर हजार रुपए आहरित की गई। जबकि शटर का निर्माण ही नहीं किया गया । प्रणब दत्ता (दत्ता इंटरप्राइजेज) के पास कोई भी वेल्डिंग मशीन दुकान नहीं है। ग्राम




डगडगा में वर्ष 2023-24 में सांसद निधि के चौपाल की। एक लाख अस्सी हजार राशि आहरित हो गई। मौके पर मात्र आठ कालम खड़े किए गए है। ग्राम सभा में ग्रामीणों की आपत्ति लेने के बाद सरपंच पति द्वारा कार्य को प्रगतिरत बताया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस फर्जीवाड़े में उपयंत्री और ग्राम पंचायत सचिव की भी अहम भूमिका है। इन दोनों की सहमति के बिना राशि आहरित करना संभव नहीं है। जिनके द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में निर्माण के नाम पर फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं।

#### जांच चल रही है

तीन सदस्यों की टीम द्वारा शक्तिगढ़ ग्राम पंचायत की जांच की जा रही हैं, जो अभी चल रही हैं। दत्ता एंटरप्राइजेज के बिलों की भी जांच चल रही हैं। अभी एई मेडम भी छुट्टी पर है। जांच पूरी हो जाए। जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत भेजा जायेगा।

**तीजा पंवार**
सीईओ, जनपद पंचायत

## सारणी की छात्राओं का व्यावसायिक औद्योगिक भ्रमण




**सारनी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरनी की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को व्यावसायिक औद्योगिक भ्रमण के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर संचालित राज कंप्यूटर सारनी, एमपी ऑनलाइन कॉमन सर्विस सेंटर एवं एयरटेल बैंक का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान केंद्र संचालक राजकुमार नागले ने छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं से जुड़े कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आधार कार्ड के माध्यम से राशि आहरण एवं निकासी की प्रक्रिया प्रायोगिक तौर पर समझाई। इस अवसर पर बच्चों को बैंकिंग के अलावा डिजिटल सेवाओं की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। भ्रमण के अंत में छात्राओं को फल वितरित किए गए। साथ ही नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर राज कंप्यूटर सारणी द्वारा सभी छात्राओं को आरती संग्रह की कॉपी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि यह कॉपी पिछले 10 वर्षों से राज कंप्यूटर द्वारा निशुल्क वितरित की जा रही है।

## नामांतरण आदेश को अमल कराने और संबंधित पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन का प्राथमिकता से करें निराकरण: कलेक्टर

### *कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी निवासी अबरार कुरैशी के आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नामांतरण आदेश को अमल कराने और संबंधित पटवारी के विरुद्ध के कार्यवाही करने के निर्देश तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को दिए। ग्राम केरिया निवासी दिनेश सलाम ने भूमि प्रकरण में अंतिम आदेश शीघ्र जारी करने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि आवेदक को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय तक परेशान न होना पड़ें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भूमि से अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में तहसीलदार मुलताई निवासी खुशिया साहू ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को अपनी भूमि के नक्शा सुधार के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम से आवेदन के संबंध में जानकारी लीं और आवेदक से अपील करवाकर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी के ग्राम खोकर निवासी बिंदुलाल ने अपनी भूमि पर अवैध अतिक्रमण किए जाने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार घोड़ाडोंगरी को तत्काल आवेदक की भूमि की नपाई करवाने और अतिक्रमण पाए जाने पर उसे हटाने के निर्देश दिए। आमला निवासी मीरा रघुवंशी ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को अपनी भूमि पर कब्जा दिलाने को लेकर आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार आमला को आवेदक को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। इस प्रकार उन्होंने जनपद सीईओ बैतूल ग्राम खेड़ला निवासी कृष्णपाल की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।



### भूमि का सीमांकन कर रिपोर्ट देने के निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही के ग्राम जमनिया निवासी पूरनलाल ने अपनी भूमि के सीमांकन नहीं होने की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार भैंसदेही को आवेदक की भूमि का सीमांकन कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। आठनेर तहसील के ग्राम भैसा घाट निवासी रम्मा ने अनावेदकों द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा किये जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने हथनी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम आष्टा निवासी गुलाब देशमुख ने आवेदन के माध्यम से वर्धा जलाशय से आष्टा, रजनी एवं अमरावती घाट को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## श्री रामचरितमानस अर्थ अनुवाद का हुआ आयोजन



**पिपरिया।** जनपद पंचायतकी ग्रामपंचायत पनारी में नटटीरामायणमे का आयोजन किया गया आयोजित करने वाले छोटेलाल पटेल कांग्रेसने नेताके निवास पर किया गया। अमावस्या पर ही आयोजित किया जाता है। जिसमें लगभग 250 किलोमीटर दूर से लोग शामिल हुए थे। संसदीय क्षेत्रके लोग शामिल हुए थे।एक व्यक्ति चौपाई का वाचन करेंगे तथा दुसरे के द्वारा अर्थ सहित सुनाई जाती है। समस्त पुरवइया अन्य सभी शामिल हुए। मुख्य रूप से तरौनकला से एन,एस, गोस्वामी तुलसीदास व्याख्यान दे रहे थे।तो जसमन सिंह पटेल वोड़ना वाले के साथ लगभग आधा दर्जन वक्ता मोजूद रहे राघवेन्द्र सिंह राघव सिंह पटेल सभी परिवार जनों ने सम्मानित किया गया। अनेकों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि हरीश बेमन,शंकर सिंह पटेल सुजान सिंह पटेल, सहित अन्य दौलत भैया वगलवाडासहित अनेकानेक विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

## हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: विश्वास की परंपरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी शहर में साल का सबसे बड़ा आयोजन बन चुके हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा के एंट्री पास अब लिमिटेड संख्या में बचे हैं। तीन दिनों में ही हरिभूमि गरबा के करीब 70 फीसदी एंट्री पास सशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। मंगलवार को करीब एक हजार से अधिक लोगों ने हरिभूमि गरबा के एंट्री पास अपने मित्रों एवं परिवारजनों के लिए हरिभूमि कार्यालय से प्राप्त किए हैं। आज एंट्री पास शाम संभवतः शाम तक सभी वितरित हो जाएंगे। इसके बाद अब जो भी लोग एंट्री पास प्राप्त करने से वंचित रह गए वे इस वर्ष के हरिभूमि गरबा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। आयोजक हरिभूमि समूह ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर आपको हरिभूमि गरबा आयोजन में शामिल होना है तो आज अंतिम दिन एंट्री पास प्राप्त करके रख लेवें।

# आज एंट्री पास वितरण का अंतिम दिन, लिमिटेड एंट्री पास शेष लोगों में आयोजन का लेकर उत्साह, सत्तर फीसद पास वितरण संपन्न

### आयोजन से जुड़ने की खुशी



हरिभूमि का नाम सुनकर लोगों में गरबा के प्रति विश्वास का अनुभव होता है। आजकल ऐसे पारंपरिक और पारिवारिक माहौल के गरबा आयोजन नहीं होते। हमे खुशी है हम हरिभूमि गरबा आयोजन से जुड़े हैं।

**मीरा राजकुमार यादव, सभापति नपा परिषद इटारसी**


### इटारसी की बनीं पहचान



इटारसी की एक पहचान यह भी है कि यहां हरिभूमि फैमिली गरबा का आयोजन होता है। यह आयोजन इटारसी को जिला स्तर पर विशेष पहचान दिला चुका है। इस वर्ष का हरिभूमि गरबा आयोजन सारे आयोजन में सबसे अधिक प्रसिद्धि हासिल कर चुका है।

**अमृता मनीष ठाकुर, सभापति, नपा परिषद**

### महिलाओं के लिए विशेष है



हरिभूमि गरबा महिलाओं की पहली पसंद है। महिलाओं को सबसे अच्छा पारिवारिक माहौल हरिभूमि गरबा में ही मिलता है। इस वर्ष का प्रचार प्रसार देखकर हम सभी गरबा में जाने के लिए उत्साहित हैं।

**गीता देवेंद्र पटेल, सभापति नपा परिषद इटारसी**

### लोग कर रहे बेसब्री से इंतजार



हरिभूमि गरबा हर युवा की पहली पसंद बनकर उभरा है। दूसरे गरबा आयोजनों की तो चर्चा बाजार से गायब हों गई है। लोगो को सिर्फ हरिभूमि गरबा की 26 तारीख का बेसब्री से इंतजार है। आयोजन के लिए सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं

**चिन्मय नामदेव, युवा व्यवसाई एवं कारोबारी**

### शहर में चर्चा का विषय है



हरिभूमि गरबा आयोजन की चर्चा से पूरा शहर सराबोर हो गया है। हर कोई सिर्फ हरिभूमि गरबा की चर्चा कर रहा है, हमारा पूरा परिवार पारंपरिक गरबा पोशाक पहनकर आयोजन में शामिल होने के लिए तैयार हैं।

**शोभित जैन, स्वास्थ्य बीमा सलाहकार**

### आयोजन से जुड़ने की खुशी



हरिभूमि गरबा सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। युवाओं की ज़ुबान पर हरिभूमि गरबा का नाम रट गया है। हम आयोजन में हर वर्ष शामिल होते रहे हैं पर इस वर्ष आयोजन अधिक प्रसिद्धि प्राप्त करेगा। यह आयोजन महिलाओं के लिए सुरक्षित वातवावरण उपलब्ध कराता है।

**आदित्य खंडेलवाल, युवा व्यवसाई**

### आयोजन से जुड़ने की खुशी



हरिभूमि गरबा आयोजन जिले का एकमात्र सर्वाधिक लोकप्रिय, पारंपरिक और पारिवारिक गरबा आयोजन है। हम आयोजन के साथी सहयोगी हैं इस वर्ष का आयोजन सर्वाधिक प्रसिद्ध और सफल रहेगा।

**मनजीत कलोसिया, सभापति नपा परिषद इटारसी**

### आयोजन की शुभकामनाएं



हरिभूमि गरबा आयोजन शहर की शान है। ऐसे आयोजन ही शहर में धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। आयोजक समूह को हमारी ओर से आयोजन की बहुत बहुत शुभकामनाएं।

**शिवाकांत गुड्डन पांडेय, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम**

### सबसे शानदार होगा आयोजन



हरिभूमि गरबा आयोजन की चर्चा इस वर्ष इटारसी के हर चौक चौराहे पर हो रही है। हरिभूमि समूह का गरबा साल का सबसे शानदार और प्रसिद्ध आयोजन है। आयोजक समूह को हमारी ओर से शुभकामनाएं।

**राहुल चौरे, अध्यक्ष भाजपा नगर मंडल इटारसी**

### आयोजन से जुड़ने की खुशी



हरिभूमि गरबा आयोजन इटारसी में सबसे अधिक प्रसिद्ध है। अच्छे संस्कारी परिवारों की पहली पसंद हरिभूमि गरबा ही है। हम हर वर्ष आयोजन में शामिल होते हैं शानदार आयोजन रहता है। आयोजन की शुभकामनाएं

**मयूर जायसवाल, अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी**

## जनसुनवाई में की शिकायत

# जिपं सदस्यों द्वारा घोषित कबड्डी मेट का नहीं हो सका प्रदाय, दिये आवेदन

जिपं सदस्य द्वारा सरकारी निधि से सोहागपुर ब्लॉक में कबड्डी मेट देने की घोषणा का पालन नहीं होने की शिकायत मंगलवार को कांग्रेसियों ने जन सुनवाई में की है। जपं में हुई जन सुनवाई में आठ आवेदन दिये गए है इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिपं सदस्य द्वारा सरकारी निधि से सोहागपुर ब्लॉक में कबड्डी मेट देने की घोषणा का पालन नहीं होने की शिकायत मंगलवार को कांग्रेसियों ने जन सुनवाई में की है। जपं में हुई जन सुनवाई में आठ आवेदन दिये गए।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आलोक जायसवाल के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसियों ने आवेदन दिया। जिसके अनुसार नर्मदापुरम् जिपं सदस्य दौलतराम पटेल ने जिपं सदस्य निधि से ग्रापं बिछुआ जपं सोहागपुर को एक कबड्डी मेट देने की अनुशंसा की थी। लेकिन आज तक कबड्डी मेट नहीं दी गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कारण पूछते हुए मेट देने की मांग की है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आलोक जायसवाल, सोहागपुर कांग्रेस नगराध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पूर्व सरपंच बृजकिशोर ठाकुर, सरपंच सुधीर ठाकुर, राकेश चौधरी, दमन पटेल, नीरज चौधरी, राजेंद्र पटेल, ओपी पटेल, युवा कांग्रेसी ऋषभ दीक्षित व सचिन श्रोती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दिये आठ आवेदन

जन सुनवाई में नागरिकों ने आठ आवेदन दिए। जिसमें एक आवेदन कांग्रेस का था। वहीं रामसिंह निवासी ग्राम सौंसारखेड़ा ने शिकायत की है कि उनकी भूमि पर कई वर्षों से किया गया कब्जा नहीं हटाया गया है। बम्होरी खुर्द वासियों ने वार्ड क्रमांक एक में निवासरत लोगों को अटल ज्योति योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की है। सोहागपुर शहर के किलापुरा वार्डवासियों ने शिकायत की है कि वार्ड में सड़क व नाली निर्माण के लिए कई बार आवेदन देने पर भी सुनवाई नहीं हो रही है।

अरविंद शिकारी इंदिरा वार्ड के अनुसार वह वार्ड में वर्षों से निवास करता है, लेकिन पट्टा नहीं मिला है। रानी प्रजापति खिमारा के आवेदन आंगनवाड़ी सहायिका चयन सूची में बीपीएल कार्ड में नाम जुड़े होने पर आपत्ति है। नन्हेंलाल निवासी सिंगवाड़ा ने शिकायत की है कि उन्होंने एक वर्ष पहले सोहागपुर एसडीएम कार्यालय में भू-रिकॉर्ड दुरुस्ती का आवेदन दिया, लेकिन कार्रवाई लंबित है। नानकराम निवासी नयागांव ने बालकों के नाम जनगणना में जुड़वाने की अपील की है।

## बारिश के बाद पचमढ़ी के धूपगढ़ के मनमोहक नजारे, बढ़ रही सैलानियों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पहाड़ों की रानी पंचमढ़ी में जोरदार बारिश के बाद प्रकृति और भी खिल उठी है। मंगलवार की शाम आसमान साफ होते ही धूपगढ़ के मनमोहक नज़ारे देखने लायक थे। सूरज की सुनहरी किरणें, बादलों के बीच से झाँकती हुई, पहाड़ियों और घाटियों पर एक अद्भुत रोशनी बिखेर रही थीं।

### प्रकृति का नया श्रृंगार

धूपगढ़ की चोटी पर मौजूद पर्यटकों ने इस अविस्मरणीय दृश्य को अपने कैमरे में कैद किया। हर तरफ छाई हरियाली और हवा में घुली मिट्टी की सौंधी खुशबू ने पूरे माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बारिश से धुले पहाड़ और घने जंगल अब और भी ज़्यादा हरे-भरे दिख रहे थे, मानो प्रकृति ने खुद अपना श्रृंगार किया हो।

### पर्यटकों का बढ़ा जमावड़ा

इस मनमोहक नज़ारे का लुत्फ़ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक धूपगढ़ पहुँचे। उन्होंने सूर्योदय और सूर्यास्त के समय के इस अद्भुत संगम को देखा और पंचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता की तारीफ की। इस मौसम में पंचमढ़ी की खूबसूरती अपने चरम पर होती है, और बारिश के बाद के ये नज़ारे पर्यटकों को एक अलग ही अनुभव प्रदान कर रहे हैं।

### स्थानीय लोगों में खुशी

बारिश से जहां मौसम सुहावना हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों के चेहरे पर भी खुशी साफ देखी जा सकती है। खेती-बाड़ी से जुड़े लोगों को बारिश से काफी राहत मिली है और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और भी इज़ाफ़ा होगा। कुल मिलाकर, बारिश के बाद पंचमढ़ी और उसके सबसे ऊंचे शिखर धूपगढ़ का सौंदर्य देखने लायक था, जिसने हर किसी का मन मोह लिया। कुछ दिन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भी अपनी पत्नी के साथ धूपगढ़ में समय व्यतीत किया था उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए धूपगढ़ की खूबसूरती शेयर भी की थी एवं देशवासियों से अपील की थी कि पचमढ़ी जरूर भ्रमण करने आएं।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान में किया आयोजन

**सोहागपुर।** केंद्र सरकार द्वारा समूचे देश में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान अंतर्गत लगातार आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजन किये जा रहे हैं। मंगलवार को भी नगर के रामगंज केंद्र पर आयोजन किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि 23 सितंबर 2025 को आंगनवाड़ी केंद्र रामगंज वार्ड में परियोजना स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया गया।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज में हुई संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता और राष्ट्रीय सेवा योजना के मार्गदर्शन में रा. से. यो. के स्वयंसेवक, विद्यार्थियों और महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया साथ ही समाज मे व्याप्त कुसंगतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जाना कि समय के साथ समाज मे फैली कुरीतियों और कुसंगतियों से व्यक्ति, परिवार और समाज के साथ साथ सम्पूर्ण देश का अस्तित्व खतरे में होता है।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताए प्लास्टिक के दुष्परिणाम

**सेमरी हरचंद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर स्वच्छता उत्सव के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रेरक अजय सिंह राजपूत द्वारा नुक्कड़ नाटक माइकिंग के माध्यम से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद के छात्रों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के विषय में समझाया और अपने दैनिक जीवन में पॉलिथीन का उपयोग कम से कम करने का संकल्प दिलाया नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छता अभियान की रैली निकाली गई स्वच्छता रैली नगर की आंगनवाड़ियों सहित पीपल चौक होते हुए नगर के प्रत्येक चौराहे पर पहुंची जहां ग्राम वासियों को स्वच्छता के विषय में जागरूक किया गया एवं पॉलिथीन का उपयोग कम से काम करने के लिए ग्राम वासियों को जागरूक किया। स्वच्छता रैली में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिकविद्यालय की प्राचार्य शीला चौधरी ग्राम के सरपंच चेतन मीना सचिव सहायक सचिव ग्राम के स्वच्छता मित्र झब्बू लाल विश्वकर्मा शिबू पवार जय नारायण बागड़ी शासकीय बालक उच्चतरमाध्यमिक विद्यालय की समस्त शिक्षक छात्र एवं ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सांदीपनि स्कूल के विद्यार्थियों ने किया प्राचीन मंदिर का भ्रमण, जानी स्थल की विशेषताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



आज शारदीय नवरात्रों पर सान्दिपनि विद्यालय की - 45 और पी टी एस विद्यालय की 34 कन्याओं ने ब्रिटिश काल पूर्व, ऐतिहासिक प्राचीन अम्बा माई मंदिर के दर्शन किए,इस अवसर पर उन्हें मंदिर के इतिहास की जानकारी दी गई। उसके पश्चात।नगर की, अम्बे माई शत चण्डी यज्ञ समिति द्वारा सभी कन्याओं,और शैक्षिक स्टाफ को भोजन कराया गया, सभी कन्याओं के पैर पखारे गये,और सभी को शैक्षणिक सामग्री और फल उपहार स्वरूप प्रदान किए गये। शिक्षकों में संजय टिकार,उषा डुमार, उषा कुशवाहा,अंकित पाल,और आउटसोर्स कर्मचारी दुर्गेश यादव तथा समिति के वरिष्ठ सदस्यों में अजय जायसवाल,संजय कोरी, तरुण दुबे, अशोक कोरी सहित अनेको सदस्यों की सहभागिता रही।विदित हो कि उक्त समिति नवरात्रों पर प्रतिदिन कन्या भोज का आयोजन करती है। सभी कन्याओं ने अम्बा माई स्थित सभी मंदिरों के श्रृद्धा पूर्वक दर्शन किए।

## अग्रसेन जयंती पर धूमधाम से शहर में निकली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अग्रवाल समाज के आराध्य महाराज अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल महिला परिषद तथा अग्रवाल समाज के विभिन्न अनुयायियों के द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। माधवदास अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों काआयोजन किया गया है। तथा महिलाओंके द्वारा विशाल कलश यात्रा भी निकाली गई जिसमें अग्रवाल समाजके अध्यक्ष एवं महिलाओं बच्चों की ओर से उपहार भीप्नदान किए गए तथा बच्चोंके द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुतिदी गई। महाराज अग्रसेन के बारे में बताया गया कि महाराज अग्रसेन की शिक्षाएं समाजसेवा कल्याण पर आधारित है। इस तरह से महाराज अग्रसेनके जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा महासभा की ओर से नगर वासियों को अग्रसेन जयंती की बधाई एवं शुभकामना दी गई। शोभा यात्रामे महाराज अग्रसेन की विशालझाकी तैयार कर मुख्य मार्ग से होकर निकालीं ।

## आधार कार्ड में नाम में त्रुटि से परेशान

# छात्रा ने आयुक्त से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मलावा



शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखने वाली एक छात्रा के लिए आधार कार्ड में नाम की त्रुटि बड़ी बाधा बन गई। महीनों तक प्रयास करने के बाद भी जब नाम सुधार नहीं हो पाया, तो अंततः छात्रा ने सोमवार को नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर के.जी. तिवारी से मुलाकात की और अपनी समस्या साझा की।

छात्रा ने बताया कि उसके आधार कार्ड में नाम गलत दर्ज है। उसने कई बार आधार सेवा केंद्र में आवेदन कर सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाणपत्र, शैक्षणिक अंकसूची और पहचान प्रमाण—जमा किए। लेकिन बार-बार आवेदन करने के बावजूद अब तक नाम में सुधार नहीं हो पाया। सेवा केंद्र से हर बार यही जवाब मिलता रहा कि “मामला प्रोसेस में है” या “सिस्टम में दिक़्क़त है। इस स्थिति के कारण छात्रा को न केवल कॉलेज में प्रवेश में कठिनाई हो रही है बल्कि परीक्षा फार्म भरने और शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में आधार लिंक करने में भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छात्रा की समस्या सुनने के बाद कमिश्नर के.जी. तिवारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आधार कार्ड सेंटर प्रभारी से पूरी जानकारी ली। उन्होंने छात्रा को आश्वासन दिया कि उसकी समस्या को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा।

## देवेंद्र प्रताप ने संभाला पिपरिया एसडीएम का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र में तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव के तबादले किए जाने के बाद जिला कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के द्वारा पिपरिया अनुविभागी राजस्व कार्यालय मे देवेंद्र प्रताप सिंह को पदस्थ किया गया है। उन्होंने नवरात्रि में तहसीलदार वैभव बैरागी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का स्वागत सममानकरते हुए नवीन भवन में प्रभार सौंपा तथा देवेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल प्रभाव से मंगलवारा थाने में नवरात्रि की व्यवस्थाओंको लेकर अनुविभागीपुलिस अधिकारी मोहित यादव टी गिरीश त्रिपाठी एवं तमाम अधिकारियों के बीच नवरात्रि परचर्चा की तथा नगर का भ्रमण किया नगर का भ्रमण करनेके बाद सभी दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जानकारी ली तथा सारी व्यवस्थाएं रहेगी ऐसे आस्वादन भी दिया।अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विभाग कार्यालय पचमढ़ी रोड पर रेस्टहाउस के पास ही नवीन भवन में प्रारंभ हो गया है।

## सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता कपिल शर्मा को मातृशोक



**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के जपं क्षेत्र में सक्रिय रही अंत्योदय समिति के पूर्व सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता कपिल शर्मा निवासी ग्राम डूंडादेह की माता जी का सोमवार शाम निधन हो गया है। कपिल शर्मा की माताजी तथा अशोक शर्मा की धर्मपत्नी कुसुम शर्मा का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार ग्राम मंगलवार की सुबह ग्राम डूंडादेह में ही किया गया है। स्वर्गीय कुसुम शर्मा की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के वरिष्ठजन, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। सभी ने शोकाकुल शर्मा परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता के लिए किया श्रमदान व पौधरोपण

**हरदा।** जिले में सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका हरदा द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा वार्ड क्रमांक 4 स्थित अजनाल नदी घाट पर ह्यह्यएक पेड़ मां के नामह्लह्ल अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विशेष स्वच्छता के लिये श्रमदान अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों के साथ-साथ नगर के नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी की और स्वच्छ भारत का संदेश दिया। इस अवसर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छता बनाएंगे एवं दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित कर जन-जागरूकता फैलाएँगे।

### अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा कार्यक्रम संपन्न

**हरदा।** जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा स्थानीय डिग्री कॉलेज हरदा में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से चिन्हित मूक बधिर एवं श्रवण बाधित दिव्यांग जनों को सांकेतिक भाषा साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर जिला सत्र न्यायालय हरदा, डिग्री कॉलेज हरदा से गणेश श्रीवास्तव, ईएनटी विशेषज्ञ स्वास्थ्य विभाग राजेश सतीजा, अनीश खान एवं अंतिमा चोलकर उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने के लिये जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा से सीनियर स्पीच थैरेपिस्ट प्रेम नारायण जाट एवं जिला शिक्षा केन्द्र हरदा से एम.आर.सी. माहेश्वरी राठौर ने साइन लैंग्वेज के महत्व को बताया एवं श्रवण बाधित दिव्यांग सतीश मीणा को कार्यक्रम स्थल पर श्रवण यंत्र प्रदाय किया। कार्यक्रम में सी.डब्लू.एस.एन, विधिक सेवा के वॉलिंटियर्स, बीआरसी, सामाजिक न्याय विभाग एवं मध्य प्रदेश विकलांग मंच हरदा के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### बच्चों को खिलाई कृमिनाशक गोली

**हरदा।** जिले में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 साल से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि 26 सितम्बर को मॉपअप दिवस का आयोजन किया जायेगा। सेवा पखवाड़ा के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र हरदा के वार्ड क्रमांक 8 में मदरसा दारुल उलूम में 40 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा सभी को एलबेंडाजोल की गोली भी खिलाई गई। सीएमएचओ सिंह ने बताया कि इस अवसर पर जिले के स्कूलों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। उन्होने बताया कि ऐसे बच्चे जो गोली खाने से शेष रह गये है, उन्हें 26 सितम्बर को मॉपअप दिवस पर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी।

### विधायक ने व्यापारियों संग मनाया जीएसटी उत्सव

**खंडवा।** पंधाना विधायक छाया मोरे ने मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ जीएसटी उत्सव में शिरकत की। इस दौरान नगर के व्यापारी बंधुओं से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई जीएसटी कटौती को ऐतिहासिक निर्णय बताया। व्यापारी वर्ग ने भी इस फैसले पर खुशी जताई और आमजन को राहत देने वाला कदम बताया। कार्यक्रम के बाद विधायक छाया मोरे और सांसद पाटिल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों की खराब फसलों का औचक निरीक्षण किया और किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। भरोसा दिलाया उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# आयुर्वेद हमारी संस्कृति से जुड़ी प्राचीन चिकित्सा पद्धतिः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

आयुष विभाग हरदा द्वारा 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया एवं शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय हरदा में आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने धन्वंतरि पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया। उन्होने आयुर्वेद जीवन शैली अपनाने के लिये प्रेरित किया एवं आयुर्वेद के प्रति ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी करते रहने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि आयुर्वेद हमारी संस्कृति से जुड़ी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। वर्तमान में आयुर्वेद चिकित्सा व्यवस्था काफी परिष्कृत हो गई। हमें दैनिक जीवन में आयुर्वेद अपना चाहिए। यह पद्धति स्वास्थ के लिये काफी फायदेमंद है। प्रतियोगिता के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ से




आयुर्वेद तथा नियमित स्वास्थ्य दिनचर्या से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के साथ स्वस्थ रहने के उपायों की जानकारी दी गई तथा आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने संस्था परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन की छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए आयुर्वेदिक दिनचर्या को अपनाना अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सा से जुड़े अपने व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. मिताली वर्मा एवं डॉ. अदनान खान, महाविद्यालय प्राचार्य संगीता बिले, बिछोदिया, आशा गायकवाड़ एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि आयुर्वेद दिवस पूर्व में धन्वंतरि जयंती धनतेरस को मनाया जाता था, किंतु इस वर्ष से यह दिवस प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को मनाया जाएगा, क्योंकि इस दिन, दिन और रात बराबर होते हैं। इस अवसर पर जिले के अन्य आयुष औषधालय में भी निःशुल्क रोग निदान शिविर आयोजित किए गए और लगभग 900 रोगियों का उपचार करके लाभ प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने कहा, टैग से की जाएगी पशुपालकों की पहचान

# अब सड़कों पर निराश्रित मवेशी छोड़ने वाले पशुपालकों पर होगी कार्रवाई

### विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को दिया जाएगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में सड़कों पर निराश्रित रूप से मवेशी छोड़ने वाले पशुपालक अब कार्रवाई के दायरे में आएंगे। पशुओं के पालकों की पहचान इन पर लगे टेग से की जाएगी। ऐसे पशुपालकों के विरूद्ध थाने में प्रकरण भी दर्ज कराये जा सकेंगे।

सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित विचरण कर रही मवेशी पर चिंता व्यक्त की। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि ऐसी मवेशी को तत्काल मुख्य मार्गों से हटाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने



सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न कलाओं में माहिर जिले के स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है। शासन की तरफ से संचालित किये जाने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में इन कलाकारों की सेवाएं ली जाए एवं इनकी कला को बेहतर स्वरूप प्रदान करने के लिये प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं से जुड़ी इस सेवा में दर्ज हो रही शिकायतों के निराकरण के प्रति अधिकारियों को संवेदनशील होने की जरूरत है। प्रत्येक विभाग के अधिकारी से अपेक्षा है कि वे शिकायत की प्रकृति को अच्छी तरह समझें एवं उसके उचित समाधान के लिये समय सीमा में समूचित कार्रवाई करें। अधिकारियों की अनदेखी से कोई गंभीर शिकायत लंबित न रहे, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी कार्यालयों की नस्तियां ई-ऑफिस व्यवस्था से ही संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होने सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की भी इस दौरान समीक्षा की। जिले के सभी कर्मचारियों का आई गॉट पर पंजीयन कराने एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के भी निर्देश दिये गये। बैठक में सड़कों के गड्ढों की मरम्मत कराने के भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने राजस्व वसूली के लिये भी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में गिरीराज जी वेयरहाउसिंग हरदा के संचालक ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि उसे मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा गेहूँ व मूंग स्कंध का गोदाम भण्डारण शुल्क एवं अन्य लंबित राशियों का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने प्रबन्धक वेयर हाउस कार्पोरेशन को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम डोमरीकला निवासी गोकुल प्रसाद ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर बताया कि दो वर्ष से अधिक समय से डीपी बंद होने के कारण उसका पम्प कनेक्शन भी बंद हो चुका है तथा उसे सिंचाई के लिये पानी की अन्य स्थानों से व्यवस्था करना पड़ती है। इस पर उन्होने महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी संदीप गौर ने कलेक्टर श्री जैन को पत्नि की समग्र आईडी में उपनाम सुधराने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम खमलाय निवासी रामकिशोर ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर उसका आयुष्मान कार्ड नहीं बनने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम छिदगांव तमोली निवासी संतोष सिंधा व ग्राम आदमपुर निवासी गीताबाई ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर मूंग की राशि अभी तक प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने उप संचालक कृषि को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

## निराकरण के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्णा सुशिर, अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, एसडीएम बजरंग बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में डोंगरगांव निवासी जयराम करोले ने बताया कि वर्षा के कारण उसकी कृषि भूमि पर लगी फसल खराब हो गई है और उसने फसल राहत की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खालवा तहसील के खेड़ी निवासी शांतिलाल ने अपनी भैंस चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को जांच कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी तरह छैगांवमाखन तहसील के अतर, रेवाड़ा, दुगवाड़ा, बामझर, चिचगोहन, जामनिया और सिर्रा गांव के ग्रामीणों ने अधिक वर्षा से खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुद्दा उठाया, जिस पर तहसीलदार को खेतों में हुई क्षति का आंकलन करने के निर्देश दिए गए। पंधाना तहसील के खिराला निवासी आनंदराम और कमल ने शिकायत की कि बोरगांव बुजुर्ग की शासकीय शराब दुकान से अवैध रूप से अन्य स्थानों पर शराब बेची जा रही है। इस पर जिला आबकारी अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बलवाड़ा के ग्रामीणों ने भी गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री की शिकायत की, जिस पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। खालवा तहसील के मातापुर निवासी रिया खंडेल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चयन प्रक्रिया में हुई अनियमितता का मामला उठाया। उसने बताया कि आवेदन देने के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। इस पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## नाले के किनारे मिला था शव

# थाना छीपाबड़ पुलिस ने अंधे कत्ल के आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह चौहान थाना छीपाबड एवं स्टाफ द्वारा अंधे कत्ल का पर्दाफाश किया। आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना छीपाबड में 20 सितंबर को सूचना प्राप्त हुई की ग्राम खिरकिया कुड़ावा रोड पर अखिलेश राजपूत के खेत के पास नाले के किनारे पानी में एक अज्ञात व्यक्ति मृत पड़ा है । तस्दीक करने पर मृतक की पहचान मोरसिंह पिता मनोहरसिंह सिसोदिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम गरबड़ी थाना किल्लोद जिला खंडवा का होना पाया गया । हेमन्त पिता भगवानसिंह राजपूत निवासी कुड़ावा की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच की गयी। मृतक मोरसिह सिसोदिया निवासी गरबडी की किन्ही अज्ञात व्यक्तियो द्वारा शरीर मे गंभीर चोटे पहुचाकर हत्या की गई है एव साक्ष्य छिपाने की नियत से हत्या कर शव को हाथ पैर बाँध कर कुडावा गांव के पास रोड के किनारे झाडियो मे नाले के उथले पानी मे फेंका गया है । अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । मृतक के भाई संतोष सिंह राजपूत निवासी गरबड़ी द्वारा अपने कथनो में मृतक के उसके गांव की महिला से अवैध संबंधों के चलते महिला के परिवार व रिश्तेदारों पर हत्या करने की शंका जाहिर करने से महिला व उसके पति से पूछताछ की गई जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक मोरसिंह उनका पड़ोसी था जो महिला को परेशान करता था पति की अनुपस्थिती में कभी भी महिला के घऱ घुस जाया करता था। मोरसिंह के परिवार को उसकी हरकतो के संबंध में तथा घर में घुसने के संबंध में समझाइश दी गई थी किंतु उसके पश्चात भी मृतक के नही मानने पर मायाराम, उसकी पत्नी ने अपने रिश्तेदारों ध्यानसिंह निवासी अर्चना व शेरू उर्फ शेरसिंह निवासी रिछी थाना शिवपुर को बुलाकर योजना बनाकर मृतक मोरसिंह की हत्या कर दी । 18 सितंबर के रात्रि 01 से 02 बजे के बीच जब मृतक मोरसिंह महिला को लेकर ग्राम गरबड़ी से निकला, खिरकिया पहुंच गया जहां महिला अपने रिश्ते की बुआ के घर लेकर गई जहां तीनो आरोपी भी पहुचे व वही पर आरोपियों ने मृतक मोरसिंह को पकड़कर उसके हाथ पैर व मुह बांधकर मोटर साइकिल पर बैठाकर कुड़ावा रोड पर नाले के पास ले जाकर दराते से गर्दन व गुप्तांगो पर वार कर उसकी हत्या कर दी व साक्ष्य छुपाने की नियत से शव को झाडियों में छिपा दिया। घटना करने के बाद मृतक की मोटर साईकिल आरोपी ध्यानसिंह व शेरसिंह ने ले जाकर रोशनी चौकी के ग्राम पटाजन के पास नदी में फेक दी थी । सीसीटीवी कैमरो की मदद ली गई एवं अन्य तकनिकी साक्ष्यो के आधार पर अंधे कत्ल की घटना का पुलिस 48 घंटे में पर्दाफाश किया गया। आरोपी मायाराम पिता मुरारसिहं राजपूत उम्र 50 साल निवासी ग्राम गरबड़ी थाना किल्लोद जिला खंडवा, ध्यानसिंह पिता अजबसिंह राजपूत उम्र 45 साल नि. ग्राम अर्चना थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम, शेरू उर्फ शेरसिंह पिता पर्वतसिंह राजपूत उम्र 45 साल नि. ग्राम रिछी थाना शिवपुर जिला नर्मदापुरम बताए गए हैं।

## ऊर्जा संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया

# ऊर्जा का महत्व, संरक्षण के उपाय बताए



**रहटगांव।** भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी में ऊर्जा संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों में ऊर्जा के महत्व, उसके संरक्षण के उपाय, अक्षय ऊर्जा के प्रयोग और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ की गई, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और शुभारंभ सुनिश्चित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जे. के. जैन, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार सिकरवार एवं डॉ. सुनीत काशिव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. प्रियंका उपाध्याय और डॉ. पवन नामदेव ने ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता, ऊर्जा के उत्पादन और विकल्पों के रूप में अपनाने योग्य उपायों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने छात्रों को अक्षय ऊर्जा स्रोतों, ऊर्जा बचत के व्यावहारिक उपायों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अपने उद्बोधन में ऊर्जा के मुख्य स्रोत के रूप में सूर्य का महत्व बताते हुए, छात्रों और संकाय सदस्यों को ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## नवरात्रि महोत्सव में पुलिस सतर्क

# क्यूआर कोड से पहुंचेगी शिकायत



**खंडवा।** नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत के साथ ही पुलिस-प्रशासन ने शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। भीड़भाड़ और देर रात तक चलने वाले आयोजनों को देखते हुए इस बार विशेष व्यवस्था की गई है। शहर में 350 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भवानी माता और नवचंडी माता मंदिरों में सुबह 4 बजे से ही महिला पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जा रही है। एसपी मनोज कुमार राय ने बताया कि इस बार एक नवाचार किया गया है। जिले के प्रमुख गरबा पंडालों और मंदिरों में QR कोड लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालु किसी भी समस्या या शिकायत को स्कैन कर सीधे पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। QR कोड स्कैन करने पर खुलने वाले फॉर्म को भरते ही जानकारी संबंधित थाना प्रभारी तक पहुंच जाएगी और तत्काल कार्रवाई की जाएगी। राय ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। QR कोड के जरिए लोग आसानी से अपनी समस्या दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि इस नवाचार का अधिक से अधिक उपयोग करें और नवरात्रि उत्सव को सुरक्षित व आनंदमय बनाएं। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंच रही हैं, जिसके चलते महिला पुलिस बल की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

## पुलिस ने 24 घंटे में किया महिला की चाकू मारकर हत्या के मामले का खुलासा

# पत्नी की हत्या कराने वाला निकला पति, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

पदमनगर थाना क्षेत्र में हुई महिला की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि मृतका के पति ने ही पत्नी को रास्ते से हटाने के लिए एक लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या करवाई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। घटना रविवार रात की है, जब महेन्द्र पटेल अपनी पत्नी सविता को लेकर डॉक्टर दिखाने खंडवा आ रहा था। रास्ते में तीन युवकों ने उन्हें रोका और हमला कर दिया। आरोपियों ने महेन्द्र को पकड़कर उसकी पत्नी पर चाकू से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर



ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी भाग निकले। इस वारदात के बाद पदमनगर थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे और थाना प्रभारी पदमनगर निरीक्षक प्रवीण आर्य के नेतृत्व में दो टीमों का गठन किया गया। टीमों ने मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि मृतिका के पति महेन्द्र पटेल ने ही अपने गांव के हेमन्त उर्फ कान्हा और जामलीकला के रहने वाले आर्यन यादव व राजेन्द्र यादव के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। हत्या के लिए उसने एक लाख रुपये की सुपारी दी थी। आरोपियों ने क्राइम पेट्रोल सीरियल देखकर योजना बनाई थी।

पुलिस ने हेमन्त उर्फ कान्हा और आर्यन यादव सहित मृतिका के पति महेन्द्र पटेल को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आरोपी राजेन्द्र यादव फरार है। गिरफ्तार आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू, एडवांस राशि 10,000 रुपये, मोबाईल और घटना के बाद जलाए गए कपड़े बरामद किए गए हैं। इस खुलासे में सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे, निरीक्षक प्रवीण आर्य, निरीक्षक धीरेश धारीवाल, सुनील कुमार गुप्ता, जीविशा, भीमराव अटकडे, विरेन्द्र अहिरवार, हर्ष सोनगरे, केमर सिंह रावत, विरेन्द्र बिसेन, महेन्द्र यादव, हिफाजत अली, राजेन्द्र पाँजरे, महेन्द्र वर्मा आदि की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक खंडवा ने टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों को 10,000 रुपये नकद इनाम देने की घोषणा की है।